[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

( विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध )

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-01/युगाब्द-5128 विक्रम संवत्-2083 दिनांक-19.03.2026

आदरणीय वंधुवर/भगिनी,

सादर वन्दे!

विक्रमी

सप्रेमादर नमस्कार।

**। ब्रह्मध्वज नमस्तेऽस्तु सर्वाभीष्टफलप्रद।**

**॥ प्राप्तेस्मिन् वत्सरे नित्यं मद्गृहे मङ्गलं कुरु॥**

अर्थात् सभी अभीष्ट (मनोकामना) फल प्रदान करने वाला ब्रह्मध्वज आपको नमन है। प्रार्थना है कि इस नव वर्ष में हमारे घर में नित्य मंगल (शुभ) करें।

अमराई में आम्र मंजरियों की मादकता एवं कोयल की कूक प्रकृति को अपनी स्वर लहरियों से उर्जान्वित कर रही है।

पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरस्ता, नागरिक कर्तव्य तथा स्वबोध का प्रेरक संदेश देता रंगों का पर्व ''वसंतोत्सव होली'' का पावन पर्व आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सद्भाव के नए रंग भर दे। इन्हीं सात्विक भावनाओं के साथ ऋतुओं का संगम और त्योहारों की बेला ''चैत्र शुक्ल प्रतिपदा'' विक्रम संवत् 2083 **'हिन्दू नववर्ष'** की हार्दिक शुभकामनाएँ।

एतद्र्थ हम सब भी नव सत्राभिनंदन की योजना बना रहे होंगे। विद्यालय के विकासार्थ अनेक नित्य प्रगतिशील व प्रभावी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए लग गए होंगे। पूर्ण विश्वास है कि आप सब भी परिवर्तन की इस बेला में नवोत्साह एवं उर्जा के साथ नवीन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का संकल्प लेकर विकास के पथ पर अग्रसर होंगे।

## विषयानुक्रम :-

### संपन्न कार्यक्रम :-

1. सप्तशक्ति संगम समापन कार्यक्रम
2. आचार्य चयन परीक्षा-2026
3. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश भटनागर जी का बेतिया जिला में प्रवास
4. अरुणोदय सामान्य ज्ञान (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा
5. विद्या भारती अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा
6. A एवं B श्रेणी के विद्यालयों का समूह निरीक्षण
7. प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन-2026
8. विद्यारंभ संस्कार
9. स्वदेशी संकल्प दौड़
10. प्रांतीय प्रचार-विभाग एवं अभिलेखागार परिषद् की बैठक

### आगामी कार्यक्रम :-

1. वार्षिक परीक्षा-2026
2. अर्थ संकल्प-2026
3. आचार्य कार्यशाला
4. विद्या भारती नई दिल्ली के नवीन केंद्रीय कार्यालय भवन का लोकार्पण कार्यक्रम
5. अखिल भारतीय विद्वत परिषद् के क्षेत्र व प्रांत संयोजक बैठक, जयपुर, राजस्थान
6. प्रांतीय संकुल प्रमुख, संकुल संयोजक बैठक एवं प्रांतीय विषय प्रमुख, सह-प्रमुख बैठक
7. प्रांतीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण वर्ग-2026

**अन्यान्य : –**

- ✶ संवेदनशील क्षेत्रों की शिक्षा
- ✶ विद्यालय हितधारकों से सम्पर्क
- ✶ भारतीय पंचाग को व्यवहार में लाना
- ✶ समाचार पत्र पढ़ो और आगे बढ़ो
- ✶ पंच परिवर्तन और पंचकोष आधारित शिक्षा व्यवस्था
- ✶ सेवा कार्य व प्रकल्प योजना
- ✶ अभिलेखागार
- ✶ बकाया राशि का प्रेषण

## *संपन्न कार्यक्रम* –

1. **सप्तशक्ति संगम समापन कार्यक्रम :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में, लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा संचालित उत्तर बिहार के सभी सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर तथा सरस्वती संस्कार केन्द्रों पर ''**सप्तशक्ति संगम**'' का भव्यता पूर्ण आयोजन किया गया। ''नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति'' की भावना के साथ मातृ शक्ति को सशक्त बनाने के उदेश्य से सात दिव्य नारी शक्तियाँः कीर्ति, श्री, वाक्, स्मृति, धृति, मेधा, क्षमा का प्रतीकात्मक सम्मान और भव्य प्रस्तुतिकरण किया गया। इस कार्यक्रम का भव्यतापुर्ण पूर्ण समापन समारोह सभी आठों केन्द्रों पर तथा प्रांतीय स्तर पर सरस्वती विद्या मंदिर, बरवतसेना, बेतिया के आतिथ्य में आडिटोरियम, बड़ा रमना बेतिया, पश्चिमी चम्पारण में सम्पन्न हुआ।

   कार्यक्रम का वृत - जिला-21, कुल विभाग-8, विद्यालय की संख्या-186, सप्तशक्ति कार्यक्रम-198, मातृ शक्ति की उपस्थिति-54763, कुल संस्कार केन्द्र-222, सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम-47, मातृ शक्ति की उपस्थिति-8722, कुल कार्यक्रम-245, कुल मातृ शक्ति की सहभागिता-63485, मातृत्व सम्मान-374, कुल वक्ता-400, कार्यकर्ता संख्या-545

2. **आचार्य चयन परीक्षा-2026 :** लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा संचालित सभी शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिरों के लिए आचार्य आवश्यकता की दृष्टि से आचार्य चयन परीक्षा-2026 दिनांक- 25 जनवरी-2026 को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस वर्ष इस परीक्षा में दो केन्द्र शासित प्रदेश दिल्ली एवं जम्मू कश्मीर सहित पन्द्रह राज्यों से कुल 5228 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया जिसमें 3064 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। आचार्य चयन परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु उत्तर बिहार प्रांत में आठ केन्द्रों पर चयन परीक्षा आयोजित हुई। इस वर्ष सभी केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति ली गई तथा सभी केन्द्रों पर अभ्यर्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

   आचार्य चयन परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 08-09 मार्च-2026 को भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सदातपुर, मुजफ्फरपुर में आयोजित किया गया जिसमें 744 चयनित अभ्यर्थियों में 630 की उपस्थिति हुई। सफल अभ्यर्थियों की घोषणा 19 मार्च-2026 को होगी।

3. **अखिल भारतीय अधिकारी का प्रवास :** जिला केन्द्र सशक्तिकरण की दृष्टिकोण से विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश भटनागर जी का उत्तर बिहार प्रांत में इस वर्ष दिनांक-29 जनवरी-2026 से 01 फरवरी-2026 तक चार दिवसीय प्रवास का केन्द्र चंपारण विभाग में सरस्वती विद्या मंदिर, डाॅ हेडगेवार नगर, बरवतसेना, बेतिया था। प्रवास का विवरण निम्न प्रकार से था -

   दिनांक- 29.01.2026 को पत्रकार वार्ता, प्रांत के सभी जिला केन्द्रों के प्रधानाचार्यो एवं सचिवों के साथ बैठक तथा विद्यालय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

   दिनांक- 30.01.2026 को प्रांतीय विषय परिषद् एवं शैक्षिक परिषद् टोली तथा पूर्व आचार्य, प्रभावी संस्कार केन्द्र, मांझी बस्ती का अवलोन एवं पूर्व छात्र के साथ दो सत्रों में बैठक लिया गया।

दिनांक- 31.01.2026 को बेतिया जिला टोली तथा S.E.S.Q के आलोक में स्थानीय विद्यालय के समिति एवं आचार्ये के साथ बैठक, शिशु वाटिका बेतिया एवं बाबा हरिदास नागा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, मुहल्ला किला, राजड्योढ़ी, बेतिया का अवलोकन किया गया।
दिनांक- 01.02.2026 को सप्तशक्ति संगम प्रवक्ता एवं प्रांतिया टोली के पूर्णकालिकों के साथ समीक्षा बैठक किया गया।

प्रवास कार्यक्रम के इतर समय में अपने विभाग के विभिन्न विद्यालों में जाकर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। माननीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अवनीश भटनागर जी अपने कुटुम्ब प्रवास में बेतिया के पूर्व छात्र श्री उपेन्द्र जी के घर गये। श्री उपेन्द्र जी प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत स्वयं उच्च शिक्षा पाकर भी मशरूम की बड़े पैमाने पर खेती करते है। संयुक्त परिवार का सुन्दर दृष्य घर में दिखा और यह भी समझ में आया कि संगठित परिवार के लिए माताजी की विशेष भूमिका है।

4. **अरुणोदय सामान्य ज्ञान (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा :** लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा आयोजित अरुणोदय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की मुख्य परीक्षा अपनी निर्धारित तिथि को सभी विभाग केन्द्रों पर 49 विद्यालयों की सभागिता में सम्पन्न हुई। जिसमें शिशु वर्ग में 5702 तथा बाल वर्ग में 6424 कुल 12126 भैया-बहनों की सहभागिता रही। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों एवं विद्यालयों को प्रधानाचार्य सम्मेलन में सम्मानित किया गया।

5. **विद्या भारती अखिल भरातीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा :** यह संस्कृति ज्ञान परीक्षा इस वर्ष प्रांत स्तर पर विद्या भारती के 98 विद्यालयों से 26105 एवं अन्य संपर्कित 34 विद्यालायों से 8756 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रवेशिका, मध्यमा, उत्तम तथा प्रज्ञा में अपने विद्यालयों से 2231 तथा अन्य संपर्कित विद्यालयों से 3635 लोगों की सहभागिता रही। निबंध प्रतियोगिता में 135 विद्यालय से 247 आचार्य एवं 14175 भैया-बहनों ने भाग लिया। इसके अलावे संस्कृति प्रवाह में 150 संस्कार केन्द्रों से 1022 भैया-बहनों का सहभाग रहा।

6. **A एवं B श्रेणी के विद्यालयों का समूह निरीक्षण :** विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने और संगठनात्मक कुशलता के लिए प्रांत द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर प्रांत के A एवं B श्रेणी के विद्यालयों का प्रांत द्वारा निर्धारित टोली के माध्यम से अवलोकन किया गया। टोली द्वारा अवलोकन वृत की एक प्रति विद्यालय को तथा एक प्रति प्रांत को प्रेषित किया गया।

7. **प्रांतीय प्रधनाचार्य सम्मेलन-2026 :** दिनांक-11-14 फरवरी-2026 तक प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन, भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदापुर, मुजफ्फरपुर में आयोजित की गई। सम्मेलन में 169 प्रधानाचार्य में 19 महिला प्रधानाचार्य और 150 पुरुष प्रधानाचार्य, अखिल भारतीय अधिकारी-3, क्षेत्रीय अधिकारी-2, प्रांतीय अधिकारी-15, पूर्णकालिक-09, स्थानीय समिति से 10 तथा व्यवस्था में 52 कार्यकर्ता के साथ कुल 260 की उपस्थिति रही।

सम्मेलन में उद्घाटन एवं समापन के साथ कुल 15 सत्रों का संचालन किया गया। सम्मेलन में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री, श्री देशराज शर्मा एवं पूर्व मंत्री डॉ० किशन वीर सिंह शाक्य जी की प्रयोगात्मक कक्षा प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय रही साथ ही वर्त्तमान अखिल भारतीय मंत्री श्री ब्रम्हाजी राव का मार्गदर्शन सम्पूर्ण समय प्राप्त हुआ। क्षेत्रीय अधिकारी में श्री ख्यालीराम जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, श्री राम अवतार नारसरिया, क्षेत्रीय मंत्री, डॉ० पूजा, सहमंत्री विद्या विकास समिति, झारखण्ड का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम में श्रीमती राजकुमारी देवी (किशान चाची), पूर्व प्रदेश मंत्री श्री महेश प्रसाद सिंह, श्री अजय कुमार तिवारी, पूर्व प्रदेश सचिव, झारखण्ड तथा अवकाश प्राप्त पूर्णकालिकों में श्री राजदेव प्रसाद, श्री अरुण कुमार ओझा, श्री ललन कुमार झा, श्री अखिलेश मिश्र, श्री मिथिलेश कुमार सिंह जी को सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के कुलपति डॉ० दिनेश चन्द्र राय जी की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम प्रभावी बना। कार्यक्रम में डायट मुजफ्फरपुर की प्राचार्य डॉ० अनामिका जी की भी उपस्थिति रही।

यह सम्मेलन पूर्णतः समाज आधारित रहा। समाज से पाँच लाख राशि एवं सामग्री प्राप्त हुआ। प्रत्येक विभाग से क्षेत्र का प्रसिद्ध मिठाईयों का सभी ने विशेष आनंद लिया। इस वर्ष इस सम्मेलन का मुख्य आकर्षण विभागशः प्रदर्शनी, शताब्दी वर्ष के अवसर पर सभी प्रधानाचार्यों का पूर्ण संघ वेश, पंच परिवर्तन के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन, भव्य नवीन सभागार, प्रशिक्षण विद्यालय के लिफ्ट का उद्घाटन एवं संघ शताब्दी वर्ष पर अपने पूर्व कार्यकर्ताओं का सम्मान रहा।

सम्मेलन के साज-सज्जा एवं आकर्षक पुष्प वाटिका सद् वाक्य लेखन में प्रोफेसर श्री मनोज कमार, भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदातपुर, मुजफ्फरपुर तथा श्री काशी नाथ जी आचार्य रिंगबाँध , सीतामढ़ी की महती भूमिका रही।

इस हेतु समाज तथा सभी सहयोगियों का आभार।

8. **विद्यारंभ संस्कार :** इस वर्ष सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों में **'विद्यारंभ संस्कार'** का आयोजन किया गया। नवीन नामांकन तथा षोडश संस्कारों में विद्यारंभ संस्कार के द्वारा अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्व को बताया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित हो। इसकी विशेष योजना बने।

9. **स्वदेशी संकल्प दौड़ :** भारत को **'आत्मनिर्भर'** बनाने तथा भैया-बहनों को आत्म निर्भरता, राष्ट्रप्रेम, तथा स्थानीय उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेषित करने के उद्धेश्य से प्रतिवर्ष 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी विद्यालयों में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया।

10. **प्रांतीय प्रचार-विभाग एवं अभिलेखागार परिषद् की बैठक :** प्रांतीय प्रचार-विभाग एवं अभिलेखागार परिषद् की बैठक दिनांक- 14 मार्च-2026 को महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर, महावीरपुरम्, सिवान के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। इसमें प्रचार विभाग से 22, अभिलेखागार परिषद् के 12 सदस्य एवं व्यवस्था से 8 कुल 42 की उपस्थिति रही। बैठक में लोक शिक्षा समिति के प्रदेश सचिव श्री रामलाल सिंह तथा विद्या भारती के क्षेत्रीय सदस्य व कृष्णचन्द्र गाँधी मीडिया सेन्टर के अध्यक्ष डॉ० शरद चौधरी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस बैठक के तीन सत्रों में अभिलेखागार परिषद् व प्रचार-प्रसार विभाग के कार्ययोजना का निर्माण एवं इसकी समीक्षा की गई।

## आगामी कार्यक्रम

01. **वार्षिक परीक्षा-2026 :** लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा संचालित सभी सरस्वती शिशु/विद्या मंदिरों में सत्र-2025-26 हेतु वार्षिक परीक्षा दिनांक-10-24 मार्च-2026 तक आयोजित हुई। परीक्षफल का प्रकाशन 31 मार्च-2026 तक किया जायेगा। सभी प्रश्न-पत्र वितरण केन्द्रों पर समय से एक सप्ताह पूर्व ही पहुँचाने का प्रयास किया गया।

02. **अर्थ संकल्प-2026 :** सत्र-2026-27 हेतु सभी विद्यालयों का **'अर्थ संकल्प'** सत्रारंभ के पूर्व समिति द्वारा पारित हो यह आवश्यक है। बजट प्रावधानों के अनुसार ही व्यय हो यह सुनिश्चित किया जाए तथा

बजट प्रावधानों से अतिरिक्त व्यय हेतु अनुपुरक बजट पूर्व में रखना आवश्यक है। अर्थसंकल्प हेतु कतिपय सुझावों पर विचार करना आवश्यक है :-✶अर्थ संकल्प घाटे का हो। ✶ बजट में 5% राशि प्रांत योजनानुसार व्यय हेतु संरक्षित निधि का प्रावधान हो तथा विभाग व संकुल योजना की दृष्टि से प्रावधान हो। ✶ बजट में आकस्मिक व्यय व्यवस्था, प्रचार-प्रसार (मीडिया), प्रांतीय क्षेत्रीय कार्यक्रम, घोष, शिशु वाटिका के 12 व्यवस्था हेतु, विद्यालय के स्तरोन्नयन 10वीं एवं 12वीं तक मान्यता हेतु, कार्यालय तथा कक्षा कक्ष का डिजिटलीकरण करने हेतु, आचार्य प्रशिक्षण, कर्मचारी/आचार्य कल्याण सुविधा जैसे व्ययों का प्रावधान अवश्य हो। ✶ बजट में रद्दी खाता, विविध खाता, संरक्षण खाता तथा प्रदेश निधि जैसे शब्दों का लेखन बंद करना है। ✶ जिन विद्यालयों का पेन कार्ड अभी तक उपयोग में है वैसे विद्यालय को अपना पैन कार्ड स्थगित कर, लोक शिक्षा समिति बिहार के पेन कार्ड का उपयोग व्यवहार में लाना है। इनका रिटर्न लोक शिक्षा समिति द्वारा भरा जायेगा।

विद्यालय का बजट बने और समिति द्वारा पारित कराकर एक प्रति प्रांतीय कार्यालय प्रेषित करना अनिवार्य है।

**03. आचार्य कार्याशाला :** वर्षभर विद्यालय के सफल संचालन के लिए दिनांक-01-05 अप्रैल-2026 तक विद्यालय स्तर पर त्रिदिवसीय आवासीय आचार्य कार्यशाला निर्धारित सत्रों एवं विषयों के अनुसार आयोजित होगा। जिसमें विगत वर्षों की समीक्षा सहित आगामी सत्र की प्रभावी योजना बने। प्रत्येक विद्यालय कार्यशाला की तिथि निर्धारित कर अपने विभाग प्रमुख के माध्यम से प्रदेश कार्यालय को अवश्य प्रेषित करें।

**04. विद्या भारती नई दिल्ली के नवीन केंद्रीय कार्यालय का लोकार्पण कार्यक्रम :** विद्या भारती के 'नूतन भवन' के लोकार्पण कार्यक्रम दिनांक-02 अप्रैल-2026 को होना सुनिश्चित हुआ है। भवन निर्माण में सहयोग के लिए आप सबों का आभार है।

**05. अखिल भारतीय विद्वत परिषद् के क्षेत्र व प्रांत संयोजक बैठक, जयपुर, राजस्थान :** विद्या भारती के चार आयामों में 'विद्वत परिषद्' की संगठनिक संरचना को सक्रिय करने तथा गति देने हेतु अखिल भारतीय बैठक दिनांक-21-22 मार्च-2026 को विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र कार्यालय, सेवाधाम, जवाहर नगर, जयपुर, राजस्थान के आतिथ्य में आयोजित है। इस बैठक में विद्वत परिषद् के क्षेत्र एवं प्रांत स्तर के संयोजक सह संयोजक अपेक्षित हैं।

**06. प्रांतीय संकुल प्रमुख, संकुल संयोजक बैठक एवं प्रांतीय विषय प्रमुख, सह-प्रमुख बैठक :** वर्ष भर संगठनिक विषयों के प्रतिपादन व दिशा निर्देशों के अनुपालन तथा योजना निर्माण की दृष्टि से प्रांतीय संकुल प्रमुख, संकुल संयोजक बैठक दिनांक-18-19 अप्रैल-2026 को तथा प्रांतीय विषय प्रमुख व सह प्रमुख बैठक दिनांक-19-20 अप्रैल-2026 को सरस्वती विद्या मंदिर, दर्शननगर, छपरा में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क 600/- रुपये प्रति प्रतिभागी है। आगमन कार्यक्रम के एक दिन पूर्व रात्रि तक अपेक्षित है।

**07. प्रांतीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण वर्ग :** प्रांतीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण वर्ग दिनांक- 25-29 अप्रैल-2026 तक आचार्य प्रशिक्षण महाविद्यालय विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। कार्यक्रम शुल्क 1500/- रुपये प्रति प्रतिभागी है। विद्यालय को प्रभावी व भैया-बहनों में श्रेष्ठ संस्कारों को जागृत करने हेतु प्रभावी वंदना सभा आवश्यक है। अत: सभी विद्यालयों से वंदना प्रमुख व संगीत प्रमुख आचार्य, दीदी इसमें अपेक्षित हैं।

**अन्यान्य** -

**01. संवेदनशील क्षेत्रों की शिक्षा :** 'विद्या भारती' के विविध विषयों में संवेदनशील क्षेत्रों की शिक्षा के लिए लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा विविध प्रयोग व प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में शैक्षिक गतिविधि, सेवा कार्य, चिकित्सा सेवा, कृषि कार्य, आध्यात्मिक व रचनात्मक कार्यक्रम एवं अन्य शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ संचालित किये जा रहे हैं। इस क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर, बैरगनिया, सीतामढ़ी में उपेक्षित समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क छात्रावास आरंभ करने की योजना है। सत्र-2026-27 हेतु प्रांत के सभी संस्कार केन्द्रों से विभागशः चयनित दो-दो भैयाओं का चयन किया जायेगा। यह चयन प्रक्रिया सभी विभाग केन्दों पर 25 मार्च को आयोजित होगा।

**02. पंचकोष और पंच परिवर्त्तन आधरित शिक्षा व्यवस्था :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में भारतीय चिंतन व दर्शन पर आधारित 'समग्र शिक्षा पद्धति' पंचकोष और पंचपरिवर्तन आधारित शिक्षा सत्र 2026-27 से प्रभावी हो। इस हेतु भैया-बहनों के व्यक्त्वि विकास, चरित्र निर्माण, भारतीय ज्ञान परम्परा के साथ नैतिकता और संस्कार, राष्ट्र निर्माण तथा जीवन में संतुलन और आनंद के लिए कक्षा कक्ष में आचार्यों से अध्यापन में विषय के साथ जोड़ने की बात हो।

**03. विद्यालय हितधारकों से सम्पर्क :** विद्यालय विकास एवं विस्तार की योजना बने, इसके संवर्धन की योजना बने। इस दृष्टि से समाज में विद्यालय के हितधारकों से सम्पर्क की योजना बने, सभी हितधारकों की सूची एवं सम्पर्क नम्बर लेकर प्रतिदिन वंदना स्थल पर दीप प्रज्वलन हेतु समयानुसार आमंत्रित किया जाय। इसकी एक प्रभावी योजना बनाई जाय।

**04. सेवा कार्य व प्रकल्प योजना :** व्यक्ति निर्माण से समाज व राष्ट्र निर्माण की अवधारणा व समाज परिवर्त्तन के दृष्टि से संचालित हमारे सेवा कार्य व प्रकल्प कार्य प्रभावी व परिणामकारी बने। इस हेतुः-

- ✶ विद्यालय परिवार के साथ इनकी नियमित बैठकें हों।
- ✶ संस्कार केन्द्रों तथा प्रकल्पों के कार्यों को सुव्यवस्थित व परिणामकारी बनाने हेतु प्रवास योजना भैया-बहन, प्रधानाचार्य, आचार्य, समिति तथा समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों का बने। प्रवास के समय संस्कार केन्द्र के बच्चों के लिए कुछ न कुछ लेकर अवश्य जायें।
- ✶ सत्रारंभ में संस्कार केन्द्रों का भी प्रभावी वार्षिक कार्य योजना तैयार हो।
- ✶ अपने सभी संस्कार केन्द्रों तथा प्रकल्पों को अपने हितधारकों के साथ जोड़ने की योजना बने। इनके प्रवास की योजना बने।
- ✶ विद्यालय अपने लक्ष्यानुसार सेवा कार्य के विस्तार हेतु बजट में अवश्य प्रावधान करें। सभी विभाग में न्यूनतम एक '**स्वावलंबन**' केन्द्र की योजना बने।
- ✶ लोक शिक्षा समिति के तत्वाधान में चलने वाले सभी 'संस्कार केन्द्र' के संचालकों का मानदेय एक अप्रैल-2026 से 1000/- के बदले 1500/- होगा।

**05. भारतीय पंचाग को व्यवहार में लाना :** भारतीय पंचांग को व्यवहार में लाने की दृष्टि से प्रांत के सभी विद्यालयों में सत्र-2026-27 से भैया-बहनों के नामांकन पंजी, परीक्षा प्रगति-पुस्तिका, आचार्य/कर्मचारी सेवा पुस्तिका, दैनंदिनी एवं अन्य अभिलेखों पर जन्म तिथि भारतीय तिथि में भी लिखा जायेगा।

**06. अभिलेखागार :** प्रांत द्वारा प्रेषित प्रपत्र के आधार पर सभी विद्यालयों का अभिलेख, इतिहास, विकास व विस्तार, भूमि इत्यादि का अभिलेख (कॉफी टेबल बुक) तैयार कर लिया गया होगा। अपने-अपने विद्यालयों के भूमि का कुल रकबा तैयार कर विभाग प्रमुख के माध्यम से 30 मार्च-2026

तक प्रांत को प्रेषित करना है। प्रचार-प्रसार एवं अभिलेखागार विभाग का निर्माण कर आचार्य को दायित्व देकर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सामग्री व संसाधन जुटाने हेतु निर्णय लिया जाय। शैक्षिक, शिक्षणेत्तर, नवाचार, विशिष्ट व प्रभावी प्रयोग व उनका परिणाम का लेखन हो तथा चित्र इत्यादि का संग्रह हो।

**07. समाचार पत्र पढ़ो और बढ़ो :** भैया-बहनों में मोबाइल के प्रति बढ़ते लगाव व इससे होने वाले दुष्परिणाम से बचाव के लिए विद्यालयों में हिन्दी व अंग्रेजी समाचार पत्रों का वाचन वंदना सभा में हो, शिशु सभा में इस पर समूह चर्चा हो, पुस्तकालय में कालांश निर्धारित हो यथा अन्य कार्यक्रमों की योजना-रचना बने। भैया-बहनो को नशा उन्मूलन के प्रति जागरूक व सचेत किया जाए।

**08. बकाया राशि का प्रेषण :** सत्र-2025-26 के सभी प्रकार के बकाया राशि यथा-गतिविधि शुल्क, परीक्षा शुल्क, समर्पण, पत्रिका शुल्क ग्रेच्यूटी इत्यादि 31 मार्च से पूर्व प्रेषित करें।

**आप स्वस्थ एवं सानंद रहकर संगठन की योजना तथा रचना में सहयोग एव गतिशीलता प्रदान करते रहे। इसी विश्वास एवं मंगलकामनाओं के साथ -**

***इति शुभम् !***

***भवदीय***



***(रामलाल सिंह)***
***प्रदेश सचिव***